# ग्राम पंचायत ननाहर, विकास खण्ड बैजनाथ जिला काँगड़ा, हि॰ प्र॰ –176061 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

**भाग–एक**

1. **प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत ननाहर, विकास खण्ड बैजनाथ, जिला काँगड़ा हि0 प्र0 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का प्रथम अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा संचालित किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :–**

**प्रधान:–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री जोवन लाल | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**सचिव :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 01 | श्री मोहिंदर पाल | 01-04-2022 से 29-12-2023 |
| 02 | श्री अमित जसरोटिया | 30-12-2023 से 06-03-2024 |
| 03 | श्री सुरजीत सिंह (अतिरिक्त कार्यभार) | 07-03-2024 से 31-03-2024 |

**तकनीकी सहायक :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 01 | श्री सुरेश कुमार | 01-04-2022 से 28-06-2023 |
| 02 | श्री राकेश कुमार | 29-06-2023 से 01-03-2024 |
| 03 | श्री बलवीर सिंह | 02-03-2024 से 31-03-2024 |

**ग्राम रोजगार सहायक :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री राजेश कुमार | 01-04-2022 से 31-03-2024 |

### (ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः–

ग्राम पंचायत ननाहर के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है:–

| क्र0 सं0 | पैरा सं॰ | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4(ग) | रोकड़ बही व बैंक के अन्त शेषो में बहुत ज्यादा अन्तर पाया जाना | 14.70 |
| 2 | 6 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 33.89 |
| 3 | 7 | सम्पत्तिकर/गृहकर का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 1.19 |
| 4 | 8 | विवाह पंजीकरण शुल्क को जमा न करवाना | 0.02 |
| 5 | 9.1 | औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही स्टॉक का क्रय करना | 6.53 |
| 6 | 9.2 | क्रय किये गये सामान की स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत दर्ज न करना | 5.55 |
| 7 | 9.3 | खनन सामग्री बिलों के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण अनियमित भुगतान | 5.63 |
| 8 | 10 | निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करना | 10.51 |
| 9 | 12 | व्यय के समर्थन में बिल/वाउचर अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करना | 0.58 |
| 10 | 13.1 | न्यूनतम निविदा दर की तुलना में अधिक दर से अदायगी के फलस्वरूप अधिक भुगतान | 0.02 |

## भाग–दो

### 2. वर्तमान अंकेक्षणः–

ग्राम पंचायत ननाहर के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का प्रथम व वर्तमान अंकेक्षण श्री प्रवीन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 01.04.2025 से 08.04.2025 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में प्रस्तुत की गई स्कीम वाईज ऑनलाईन रोकड़ बहियों के

आधार पर किया गया। आय–व्यय की विस्तृत जाँच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गयाः–

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2022–23 | 02/2023 | 05/2022 |
| 2023–24 | 12/2023 | 12/2023 |

**अस्वीकरण**(Disclaimer):–**वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। उक्त पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।**

**3. अंकेक्षण शुल्कः–**

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹5600/– आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला–171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का. /2025/228 दिनांक–08.04.2025 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया। सचिव द्वारा अंकेक्षण शुल्क की राशि काँगडा केन्द्रीय सहकारी बैंक पढ़ियारखर के मल्टीसिटी चैक संख्या 664216 दिनांक 23.04.2025 द्वारा निदेशक, हि०प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग को भेज दी गई है।

**4.1 (क) वित्तीय स्थितिः–**

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः–राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ.वृ.का. /2025/209 दिनांकः–01.04.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट–1** में भी दिया गया हैः–

**1.स्वः–स्त्रोतः–**

| अवधि | अथशेष (₹) | प्राप्ति (₹) | योग (कॉलम 2+3) (₹) | व्यय (₹) | अन्तशेष (कॉलम 4–5) (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 1231271.5 | 1487418.00 | 2718689.50 | 1055768.00 | 1662921.50 |
| 2023-24 | 1662921.50 | 490779.88 | 2153701.38 | 849374.00 | 1304327.38 |

2.अनुदानः—

| अवधि | अथशेष (₹) | प्राप्ति (₹) | योग (कॉलम 2+3) (₹) | व्यय (₹) | अन्तशेष (कॉलम 4—5) (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 2713574.10 | 4484949.00 | 7198523.10 | 3553144.00 | 3645379.10 |
| 2023-24 | 3645379.10 | 1924404.00 | 5569783.10 | 2181053.00 | 3388730.10 |

**कुल योग (1+2)** 1304327.38+3388730.10 **=4693057.48**

## (ख) बैंक समाधान विवरणीः—

दिनांक 31.03.2024 को ग्राम पंचायत की ऑनलाईन रोकड़ बहियों/वित्तीय स्थिति अनुसार अन्तशेष ₹46,93,057.48/- तथा प्रस्तुत बैंक खातों/हस्तगत राशि **"परिशिष्ट—3"** अनुसार अन्तशेष ₹32,23,074.12/—से सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणी निम्नानुसार हैः—

| | **बैंक खातों की विवरणीः—** | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र0 सं0** | **विवरण** | **बैंक** | **खाता** | **अन्त शेष (₹)** |
| 1 | स्वयं स्रोत/ पांचवा वित्त/ वी.के.वी.एन.वाई/एस .डी.पी/आर.जी.एस.ए/एस .डी.आर.एफ./एम.पी.लेड | के. सी .सी. बैंक पढ़ियारखर | 20016007668 | 872083.97 |
| 2 | सी.एस.सी | इंडसइंड बैंक पालमपुर | 100174322547 | 89050 |
| 3 | 14वां वितायोग | के. सी .सी. बैंक पढ़ियारखर | 50067582636 | 25662 |
| 4 | 15वां वितायोग/ जिला परिषद /पचायत समिति | पी.एन.बैंक कंडबाड़ी | 2581000100209628 | 2224141 |
| 5 | हस्तगत शेष (स्वःस्त्रोत की ऑनलाईन रोकड.बही के अनुसार) | | | 12137.15 |
| बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2024 का कुल योगः— | | | | ₹3223074.12 |
| **दिनांक 31.03.2024 को बैंक समाधान विवरणी :—** | | | | |
| रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति (पैरा 4) के अनुसार अन्तशेषः— | | | | ₹4693057.48 |
| पंचायत के बैंक खातों/नकद का दिनांक 31.03.2024 का अन्तशेषः— | | | | ₹3223074.12 |
| अन्तरः— | | | | 1469983.36 |

**नोटः– अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना।**

**(ग) रोकड़ बही एवं बैंक खातों के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के कारण अन्तशेषों में राशि ₹14.70/– लाख का बहुत ज्यादा अन्तर पाया जाना :–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, ग्राम पंचायत ननाहर द्वारा हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना में बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी, जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अन्त में दिनांक 31.03.2024 को ऑनलाईन रोकड़ बहियों तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹1469983.36/- का अन्तर बैंक पासबुक में कम शेष के रूप में था, जो पंचायत की सच्ची एवं सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता है, जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा–4 में दिया गया है। इतनी अधिक राशि का अंतर पाया जाना, ग्राम पंचायत द्वारा ऑनलाईन माध्यम से तैयार किये जा रहे अभिलेखों को संदेहास्पद बनाता है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/211 दिनांकः–02.04.2025 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–ननाहर 01/2025 दिनांकः–08.04.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि बैंक समाधान विवरणी तैयार करके अन्तर का मिलान कर दिया जायेगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। प्रस्तुत उतर नियमानुसार न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः अन्तर के कारणों बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए अन्यथा अंतर की राशि की उचित स्त्रोत से वसूली करना सुनिश्चित की जाये तथा भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करते हुये कृत सुधारात्मक अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए।

**(घ) स्कीम–वाईज खाते न खोलने बारेः–**

निदेशक, पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या पी.सी.एच–एच.ए (5) सी (15) –(13) (एल) 5–47005–81 दिनांक–15.02.2012 के अनुसार स्कीम वाईज खाते खोले जाने का प्रावधान है।

सचिव ग्राम पंचायत ननाहर द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट "3"** व बैंक खातों के अंकेक्षण में पाया गया कि, ग्राम पंचायत द्वारा बैंक खाते स्कीम वाईज नहीं खोले गये थे, बल्कि स्वः स्त्रोत, व अनुदान पाचवां वित्त, CDPO(DEVELOPMENT),SDP,RGSA,SDRF,VKVNY,MPLAD आदि शीर्षो के

अन्तर्गत नियमों एवं निर्देशों के विरूद्ध संयुक्त खाता संख्या 20016007668 खोला गया था, जो पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता एवं नियमों/निर्देशों के विपरीत होने के कारण आपतिजनक है। इस अनियमितता के कारण किसी व्यय के दो बार भुगतान होने तथा धन के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/218 दिनांकः–03.04.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या–ननाहर 01/2025 दिनांकः–08.04.2025 द्वारा अवगत करवाया कि स्कीम वाईज खातों का अनुसंधारण कर दिया जायेगा।

अतः नियमानुसार स्कीम वाईज खातों का संचालन न करने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार व समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों अनुसार ही बैंक खातों का रख–रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

## (ड.) लेखा खाता/खाताबही तैयार न करनाः–

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 29(1 से 3) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को प्रारूप–7 में लेखा खाता/खाता बही तैयार करने का प्रावधान है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि 2022–23 व 2023–24 की खाताबही/लेखा खाते तैयार नहीं किए गए थे। उक्त अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने के कारण वर्तमान अंकेक्षण के दौरान चयनित मास के व्यय वाउचरों से इस तथ्य की पुष्टि सम्भव न हो सकी कि निम्न तालिका में दर्शाए गए कार्यो हेतु कितनी–कितनी राशि प्राप्त हुई व कितना व्यय हुआ था तथा निम्न कार्यो को पूरा किया जा चुका है अथवा नहीं:–

| क्र0 सं0 | अनुदान | वाउचर सं0/दिनांक | बिल सं0 मस्ट्रोल सं0/दिनांक | कार्य का नाम | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आर.जी. एस.ए | 12/02.05. 2022 | – | निर्माण सामुदायिक केन्द्र पंचायत घर ननाहर वार्ड–7 | 19990 |
| 2 | वी.के.वी. एन.वाई | 17/13.05. 2022 | मस्ट्रोल–13 | निर्माण आदर्श महिला मण्डल भवन बाडीखास वार्ड–3 | 13844 |
| 3 | 14वां वित | 13,01/02. 05.2022,02. | 3464/23.2.23 | कार्यपूर्ति मोक्षधाम राक्षस नाला वार्ड–1 | 5224 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 12.23 | | | |
| 4 | वी.के.वी. एन.वाई | 02 / 02.12. 2023 | मस्ट्रोल –12 | नि0 सडक दोलत राम के घर मस्त राम व अन्य घरो की ओर वार्ड–7 | 36970 |
| 5 | एम.पी. लेड | 21,22,26 / 02 .12.2023 | 001,002 / 28.04. 23 मस्ट्रोल –08 | नि0 जीप रोड किशोरी लाल की दुकान से रोशन लाल के घर की ओर वार्ड–7 | 96571 |
| 6 | एम.पी. लेड | 28,29 / 02. 12.2023 | 006,007 / षून्य | विकास खेल मैदान जी.एम. एस ननाहर वार्ड–3 | 50000 |
| 7 | वी.के.वी. एन.वाई | 30,3,65 / 02. 12.23 | 3278, / 10.11.22 मस्ट्रोल –08 | अतिरिक्त आदर्श महिला मण्डल भवन बाडी खास ननाहर वार्ड 3 | 28278 |
| 8 | सी.डी.पी. ओं | 31,32,70 / 02 .12.23 | 3391,3392 / 05. 5.23 मस्ट्रोल –07 | मुरम्म्त आंगनवाडी शौचालय बाडी खास वार्ड 3 | 25129 |
| 9 | एस.डी.पी | 71 / 12.12.23 | मस्ट्रोल –24 | निर्माण पक्का रास्ता लांघा मन्दिर से पनाला मन्दिर की ओर वार्ड 1 | 42920 |

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा स्वः स्त्रोत व विभिन्न अनुदानों से प्राप्त की गई आय व उपरोक्त कार्यों के अतिरिक्त किये गए संकलित व्यय का भी लेखा खाता / खाता बही के अभाव में वास्तविक प्राप्तियों व व्यय की अंकेक्षण में सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी, जोकि आपतिजनक है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः–राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां / 2025 / 227 दिनांकः–08.04.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युतर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–ननाहर 01 / 2025 दिनांकः–08.04.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि अवधि 2022–23 व 2023–24 की खाता बहियों / लेखा खातों को तैयार करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार न होने एवं तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः उक्त अवधि की खाताबही / लेखा खाते तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा अंकेक्षण अवधि की खाताबही / लेखा खाते तैयार करते हुए भविष्य में भी

खाताबही/लेखा खाते तैयार किये जाने सुनिश्चित किये जायें व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 4.2 निर्धारित सीमा से अधिक नकद हस्तगत राशि का रखनाः—

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 10(3) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा ₹1000/— तक की राशि ही इम्प्रैस्ट रूप में रखी जा सकती है।

नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा निम्न तालिका में दिए गए विवरणानुसार प्रावधित सीमा से अधिक, ऑनलाईन सभा निधि की संयुक्त रोकड़ बही के अनुसार, नकद राशि को हस्तगत रखा गया था जो कि नियमों के प्रतिकूल होने के कारण अनियमित व आपतिजनक है।

| क्र0सं0 | रो• ब• पृ• | दिनाँक | सीमा से अधिक रखी गई राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1. | शून्य | 31.05.2022 | 12296.15 |
| 2. | शून्य | 04.06.2022 | 10754.15 |
| 3. | शून्य | 31.08.2022 | 8694.15 |
| 4. | शून्य | 22.10.2022 | 8228.15 |
| 5. | शून्य | 31.03.2023 | 7637.15 |
| 6. | शून्य | 06.04.2023 | 12637.15 |
| 7. | शून्य | 30.06.2023 | 12637.15 |
| 8. | शून्य | 31.08.2023 | 12637.15 |
| 9. | शून्य | 31.12.2023 | 12112.15 |
| 10. | शून्य | 31.01.2024 | 12112.15 |
| 11. | शून्य | 31.03.2024 | 12137.15 |

अतः इस अनियमितता का पूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुए भविष्य में नियमानुसार ही कार्रवाई सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 5 निवेश न करने बारेः—

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियों को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्ट्रीकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियों में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है कि इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना में अंकेक्षण अवधि के दौरान कोई निवेश नहीं किया गया था, जबकि वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के मुख्य निधि खाते में अंकेक्षणावधि के दौरान ₹9,80,055.09 से ₹8,72,083.97 तक की राशि शेष थी। इस चूक के कारण संसाधनो की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से वंचित होना पडा है।

इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/227 दिनांकः 08.04.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या–ननाहर 01/2025 दिनांक 08.04.2025 द्वारा भविष्य में अनुपालना का आश्वासन दिया है।

अतः इस नियम प्रावधान की अनुपालना सुनिश्चित न करने बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करके सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा निवेश की स्थिति में हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, सकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 12 (1) के अंतर्गत उल्लेखित प्रारूप–1 के अनुसार निवेश रजिस्टर का संधारण किया जाना भी सुनिश्चित किया जाये।

## 6 अनुदान की राशि ₹33.89/– लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जानाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियों को फंडिग एजेन्सी की अपेक्षाओं एवं मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/209 दिनांकः–01.04.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत सूचना जो कि **परिशिष्ट–1 व परिशिष्ट–2** पर संलग्न है, के अनुसार दिनांक 31–03–2024 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से ₹33,88,730.10/– की राशि उपयोग हेतु शेष थीः–

| क्र0सं0 | अनुदान का नाम | दिनांक | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | आई.ए.वाई | 31.03.2024 | 279764.64 |
| 2 | वी.के.वी.एन.वाई | 31.03.2024 | 435779.05 |
| 3 | 13वाँ वित्त | 31.03.2024 | 1187.64 |
| 4 | 14वाँ वित्त | 31.03.2024 | 572038.77 |
| 5 | 15वाँ वित्त/पी.एस/जेड.पी | 31.03.2024 | 2099960 |
| | | **कुल जोड** | **3388730.10** |

उपरोक्त तथ्य स्पष्ट करते हैं कि उक्त शीर्षों के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यों का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है।

इस शेष राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/215 दिनांक–03.04.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–ननाहर 01/2025 दिनांकः–08.04.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि अनुपयोग/शेष अनुदानों की राशि को आगामी समय में नियमानुसार व्यय करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा।

अतः शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के उचित कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

**पंचायत राजस्व से प्राप्त आयः–**

**7 सम्पति कर/गृहकर की ₹1.19/- लाख की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जानाः–**

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणों के परादेय/अदत (Outstanding) नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/209 दिनांकः–01.04.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "4"** पर संलग्न सूचना के अनुसार सम्पत्तिकर/गृहकर के रूप में ₹1,19,320/– की राशि दिनांक 31.03.2024 को वसूली हेतु शेष थी। सम्पत्तिकर/गृहकर की इतनी अधिक राशि का बिना पर्याप्त कारणों के शेष पाया जाना यह स्पष्ट करता है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित उगाही के प्रति गम्भीर नहीं है। परिणामस्वरूप सम्पत्ति कर/गृहकर की वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत के सम्पत्ति कर/गृहकर का मांग व एकत्रीकरण रजिस्टर को भी तैयार नहीं किया गया, जिसके अभाव में **परिशिष्ट "4"** पर दर्शाए गए दिनांक 31.03.2024 को सम्पत्ति कर/गृहकर के रूप में वसूली हेतु शेष राशि व अंकेक्षण अवधि के दौरान सृजित की गई मांग की सत्यता की पुष्टि अंकेक्षण में नहीं की जा सकी।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/216 दिनांकः–03.04.2025 द्वारा सूचित

किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या:—ननाहर 01/2025 दिनांक:—08.04.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि गृहकर की बकाया राशि की वसूली करने उपरान्त सभा निधि में जमा करवा दिया जाएगा तथा गृहकर कर के मांग व संग्रह रजिस्टर को तैयार करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए अंकेक्षण को दिए आश्वासन के दृष्टिगत बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित करके, भविष्य में भी इसकी वसूली प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवर्ष की जानी सुनिश्चित की जाए तथा सम्पति कर/गृहकर मांग व संग्रह रजिस्टर को भी तैयार करके कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

इसके अतिरिक्त बढ़ते बकाया पंचायत राजस्व का मामला पंचायती राज विभाग के उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ आवश्यक जाँच उपरान्त यथास्थिति नियमानुसार कृत कार्यवाही से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाने हेतु विशेष रूप से लाया जाता है।

**8 विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त की गई राशि ₹0.02 लाख को सरकारी कोष/बैंक में जमा न करवाने बारे:—**

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या—SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक:—04.10.2016 के प्रावधानानुसार विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क निर्धारित दर से प्राप्त करने के उपरान्त विवाह पंजीकरण नियम 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता संख्या "0070—60—108—01" में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक: राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0 /2025/209 दिनांक:—01.04.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "5"** पर संलग्न सूचना अनुसार ग्राम पंचायत ननाहर द्वारा वर्ष 2022—23 व 2023—24 के दौरान राशि ₹1825/— विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई, परन्तु उसे न तो सरकारी कोष में और न ही पंचायत के निधि खाते में जमा करवाया गया था, जिससे सरकारी कोष को प्राप्त आय के दुर्विनियोजन की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त उक्त राशि को सरकारी कोष/बैंक में जमा न करवाने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/217 दिनांक:—03.04.2025 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत ननाहर के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या—ननाहर 01/2025 दिनांक:—08.04.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को सरकारी कोष/बैंक में जमा नहीं करवाया गया, जिसकी संबंधित

व्यक्ति/कर्मचारी से वसूली करने उपरांत सरकारी कोष में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को नियमानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अथवा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा यह भी सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में भी विवाह पंजीकरण शुल्क प्राप्ति उपरांत सरकारी कोष में ही जमा करवाया जाये व कृत अपेक्षित सुधारात्मक अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 9.1 निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही ₹6.53/– लाख के स्टॉक का क्रय करना:–

हि॰प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4), 67(5), 69 एवं 70 के अन्तर्गत पंचायत द्वारा किये जाने वाले व्यय से सम्बन्धित निविदायें आंमत्रित करना, मांग, अनुबन्ध सूची, आपूर्ति आदेश इत्यादि औपचारिकताएं प्रावधित हैं।

ग्राम पंचायत ननाहर के व्यय वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा, संलग्न **परिशिष्ट "6"** के अनुसार ₹652711.25/– का व्यय निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं की प्रक्रिया को पूर्ण किए बिना ही किया गया था जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है, जिससे स्पष्ट है कि पंचायत द्वारा उक्त व्यय करते समय बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ नहीं उठाया गया था।

उपरोक्त वित्तीय अनियमितत्ता बारे पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/221 दिनांक:–07.04.2025 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या:–ननाहर 01/2025 दिनांक:–08.04.2025 द्वारा सूचित किया गया कि भविष्य में औपचारिकताओं को पूर्ण करके ही सामान क्रय किया जायेगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुकूल न होने व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण स्पष्ट करते हुए इसे सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाये तथा भविष्य में बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाते हुये नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 9.2 क्रय किये गये सामान राशि ₹5.55/– लाख का स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत से सम्बन्धित लेखांकन न होना:–

हि॰प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 72(1) (ए.बी.सी.डी.) के अनुसार पंचायत द्वारा क्रय किये गए भंडार का उसकी स्थायी व अस्थायी प्रकृति के अनुरुप प्रारूप 25,26,27 व 28 में लेखांकन किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत ननाहर के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 तक के दौरान की गई खरीद के वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा संलग्न **परिशिष्ट–"6"** पर संकलित राशि ₹554847/–(554847.15, राशि 2 दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) के स्टॉक को क्रय उपरान्त स्टॉक रजिस्टरों में दर्ज नहीं किया गया था। जिससे कृत व्यय का पूर्ण अंकेक्षण संभव न हो सका।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/222 दिनांकः–07.04.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–ननाहर 01/2025 दिनांकः–08.04.2025 द्वारा अवगत करवाया गया कि स्टॉक प्रविष्टियों का स्टॉक रजिस्टर में इन्द्राज कर लिया जायेगा व लेखा परीक्षा को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत उतर तथ्यरहित एवं उपरोक्त नियम प्रावधानों के प्रतिकूल होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः प्रत्येक क्रय स्टोर/स्टॉक की मद का नियमानुसार पारदर्शी लेखांकन न करने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुये क्रय किये गये प्रत्येक सामान का मदवार पारदर्शी इन्द्राज किया जाना सुनिश्चित किया जाए व भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता की पुनरावृति को रोका जाये तथा कृत सुधारात्मक कार्यवाही से अंकेक्षण को शीघ्रातिशीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 9.3 खनन सामग्री बिलों के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण राशि ₹5.63/– लाख का अनियमित भुगतान करने बारेः–

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल नियम 2015 के नियम 81 व 81–ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास फॉर्म डब्लयू या सप्लीमेंटरी पास फॉर्म X उपलब्ध करवाना अनिवार्य है। अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निर्धारित दरों से रॉयल्टी का भुगतान 25 प्रतिशत पेनल्टी के साथ करना होगा, परन्तु निदेशक ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग शिमला के पत्र संख्या XEN-(RD&PR)-DB-General/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांक 02.11.2023 के अंतर्गत पुनः दिये गये निर्देशानुसार संविदाकारों/आपूर्तिकर्ताओं से माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के दृष्टिगत अब रॉयल्टी नहीं काटी जा सकती तथा इन्हें भुगतान केवल वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" जमा/उपलब्ध करवाने उपरान्त ही किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि के चयनित मासों के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण व पंचायत सचिव द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट "7"** पर संलग्न सूचना के अनुसार निर्माण कार्यो के निष्पादन हेतु आपूर्तिकर्ताओं से खनन सामग्री जैसे रेत, बजरी, पत्थर इत्यादि की वैध स्त्रोत से आपूर्ति के

समर्थन में उक्त ट्रांजिट पास फॉर्म अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किए गए। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को ₹562736/– का अनियमित भुगतान किया गया तथा पूर्वोक्त नियम, प्रावधानों एवं समय –समय पर जारी आदेशों व निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना के दृष्टिगत अंकेक्षण अवधि में किये गए समस्त भुगतान अनियमित प्रतीत होते हैं।

इस वित्तीय अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/225 दिनांकः–07.04.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–ननाहर 01/2025 दिनांकः–08.04.2025 द्वारा सूचित किया गया कि उक्त व्यय वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्त किये बिना ही किया गया है, व अनभिज्ञता में किया गया है। वर्तमान समय से उक्त फॉर्म को प्राप्त करने उपरान्त ही भुगतान किया जा रहा है, प्रस्तुत उत्तर अंकेक्षणापति के अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया। क्योंकि उपरोक्त पत्र में वर्णित निर्देशानुसार समस्त भुगतान वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्ति उपरान्त किये जाने थे।

अतः अंकेक्षण अवधि के दौरान खनन निर्माण सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को नियमों के विरूद्ध एवं समय–2 पर जारी निर्देशों के विरूद्ध किये गये समस्त अनियमित भुगतानों को (उनके पूर्ण विवरण सहित) या तो समर्थित अपेक्षित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अथवा ऐसे सभी प्रकरणों को संबंधित जिला खनन अधिकारी के समक्ष उठाते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**10 निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में राशि ₹10.51/– लाख के अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करने बारेः–**

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 79(2) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि के चयनित मास 05/2022 व 12/2023 के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा निम्न तालिका के अनुसार राशि ₹1051147/–का भुगतान किया गया था, परन्तु निम्न निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में अंकेक्षण हेतु वांछित अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं कियें गए, जिसके अभाव मे किये गये व्यय का पूर्ण अंकेक्षण संभव न हो सकाः–

| क्र0सं0 व अनुदान | वाउचर सं0/ दिनांक | बिल संख्या/ दिनांक | कार्य का नाम | भुगतान राशि (₹) | वांछित अभिलेख |
|---|---|---|---|---|---|
| 1.आर.जी. एस.ए | 12/02. 05.2022 | – | निर्माण सामुदायिक केन्द्र पंचायत घर | 19990 | प्रस्ताव, स्वीकृति पत्र, प्राक्क्लन,माप–पुस्तिका, |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | ननाहर वार्ड–7 | | 34–सी |
| 2.वी.के.वी. एन.वाई | 17 / 13. 05.2022 | मस्ट्रोल–13 | निर्माण आदर्श महिला मण्डल भवन बाडीखास वार्ड–3 | 13844 | प्रस्ताव, स्वीकृति पत्र, प्राक्कलन, माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 314वां वित | 13,01 / 02.05. 2022,02. 12.23 | 3464 / 23.2. 23 | कार्यपूर्ति मोक्षधाम राक्षस नाला वार्ड–1 | 5224 | प्राक्कलन,माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 4.मनरेगा | शून्य / 21. 05.2022 | मस्ट्रोल –1096 | निर्माण गोट शेड विचित्र सिंह वार्ड 4 | 12180 | माप–पुस्तिका |
| 5.मनरेगा | शून्य / 06. 05.2022 | मस्ट्रोल –544,1182 | निर्माण डंगा प्रभु राम सुपुत्र ब्रहमा राम वार्ड–2 | 22330 | माप–पुस्तिका |
| 6.मनरेगा | शून्य / 21. 05.2022 | मस्ट्रोल –1097 | निर्माण डंगा हरवंश सुपुत्र प्रेम चन्द | 12180 | माप–पुस्तिका |
| 7.मनरेगा | शून्य / 06. 05.2022 | मस्ट्रोल –477 | निर्माण डंगा प्रताप चन्द सुपुत्र वशी राम | 15225 | माप–पुस्तिका |
| 8.मनरेगा | शून्य / 21. 05.2022 | मस्ट्रोल –1098 | निर्माण डंगा प्रेम चन्द सुपुत्र सरन दास | 12180 | माप–पुस्तिका |
| 9.मनरेगा | शून्य / 06. 05.2022 | मस्ट्रोल –478 | निर्माण डंगा गुरमुख सिंह सुपुत्र जय किशन जमीन | 12180 | माप–पुस्तिका |
| 10.मनरेगा | शून्य / 06, 21.05. 2022 | मस्ट्रोल –479,1099 | निर्माण डंगा तिलक चन्द सपुत्र जती राम वार्ड 4 | 27405 | माप–पुस्तिका |
| 11.मनरेगा | शून्य / 06, 21.05. 2022 | मस्ट्रोल –480,1100 | निर्माण डंगा नजदीक तिलक राज घर वार्ड 2 | 30450 | माप–पुस्तिका |
| 12.मनरेगा | शून्य / 06.. 05.2022 | मस्ट्रोल –481 | निर्माण डंगा नजदीक प्रमोध चन्द घर | 15225 | माप–पुस्तिका |
| 13.मनरेगा | शून्य / 21. | मस्ट्रोल | निर्माण डंगा नजदीक | 6090 | माप–पुस्तिका |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 05.2022 | —1101 | प्यार चन्द सपुत्र हाकम राम घर वार्ड 4 | | |
| 14.मनरेगा | शून्य / 30. 05.2022 | 319,326,566, 567 / 15,18,2 5.11.2021,12. 01.22 | निर्माण कुल्ह शोभा राम के घर से रणजीत सिंह के घर की ओर वार्ड 6 | 82759 | प्रस्ताव, प्राक्क्लन माप—पुस्तिका |
| 15.मनरेगा | शून्य / 30. 05.2022 | 321 / 20.11. 2021 | निर्माण गोट शेड बलबंत सिंह वार्ड 4 | 3822 | माप—पुस्तिका |
| 16.मनरेगा | शून्य / 30. 05.2022 | 323 / 25.11. 2021 | निर्माण गोट शेड करम चन्द सुपुत्र धनी राम वार्ड 4 | 11198 | माप—पुस्तिका |
| 17.मनरेगा | शून्य / 30. 05.2022 | 314,558 / 05. 10.2021,20. 08.21 | निर्माण सुरक्षा दीवार चाकर राम सुपुत्र बिधु राम वार्ड 4 | 17168 | माप—पुस्तिका |
| 18.मनरेगा | शून्य / 30. 05.2022 | 332,560 / 20, 21.112021 | निर्माण सुरक्षा दीवार लेख राज सुपुत्र सोभा राम वार्ड 6 | 17391 | माप—पुस्तिका |
| 19मनरेगा | शून्य / 30. 05.2022 | 315,559 / 06. 10.21,08.04. 21 | निर्माण सुरक्षा दीवार रजिन्दर सिंह पुत्र चीन राम वार्ड 1 | 17154 | माप—पुस्तिका |
| 20.मनरेगा | शून्य / 30. 05.2022 | 317,318 / 15, 17.11.21 | निर्माण जीपेवल रोड विश्न चन्द के घर से किशोरी लाल के घर की ओर वार्ड 4 | 62160 | माप—पुस्तिका |
| 21.मनरेगा | शून्य / 30. 05.2022 | 313 / 21.10. 21 | निर्माण रास्ता ननाहर गांव से शमशानघाट की ओर वार्ड 2 | 22556 | माप—पुस्तिका |
| 22.मनरेगा | शून्य / 30. 05.2022 | 327 / 15.01. 2022 | निर्माण जीपेवल रोड प्रताप चन्द के घर से गुरमुख सिंह के घर | 38850 | माप—पुस्तिका |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | की ओर वार्ड 4 | | |
| 23.मनरेगा | शून्य/30. 05.2022 | 324/14.12. 21 | निर्माण रोड मेन रोड से रेन्चू राम घर की ओर वार्ड 4 | 31500 | प्रस्ताव, प्राक्क्लन माप–पुस्तिका |
| 24.मनरेगा | शून्य/30. 05.2022 | 320/20.11. 21 | निर्माण रास्ता मिलाप चन्द के घर से सुनीता देवी के घर की ओर वार्ड | 31080 | माप–पुस्तिका |
| 25.मनरेगा | शून्य/30. 05.2022 | 325,564,565 /10.01. 22,15,20.11. 21 | निर्माण जीपेवल रोड विशन चन्द के घर से किशोरी लाल के घर की ओर | 46498 | माप–पुस्तिका |
| 26.मनरेगा | शून्य/30. 05.2022 | 316/09.10. 21 | निर्माण डंगा व रोड अमर सिंह के घर की ओर वार्ड 7 | 46620 | माप–पुस्तिका |
| 27.मनरेगा | शून्य/30. 05.2022 | 505101/21. 02.22 | निर्माण कुल्ह पनिहार से रमेश ठाकुर के घर की ओर वार्ड 7 | 16403 | माप–पुस्तिका |
| 28.मनरेगा | शून्य/30. 05.2022 | 5051/21.02. 22 | निर्माण कुल्ह मस्त राम के घर से नाला की ओर वार्ड 7 | 49208 | माप–पुस्तिका |
| 29.मनरेगा | शून्य/30. 05.2022 | 505103/21. 02.22 | निर्माण कुल्ह पुजा देवी के घर से शांति देवी के घर ओर वार्ड 7 | 22963 | माप–पुस्तिका |
| 30.मनरेगा | शून्य/30. 05.2022 | 505102/21. 02.22 | निर्माण रास्ता रोशन लाल के घर से अमित कुमार के घर ओर वार्ड 5,6 | 39366 | माप–पुस्तिका |
| 31.मनरेगा | शून्य/01. 12.2023 | मस्ट्रोल –3739 | निर्माण गोट शेड चरनजीत सुपुत्र दुनी | 10080 | माप–पुस्तिका |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | चन्द | | |
| 32.वी.के. वी.एन.वाई | 02/02. 12.2023 | मस्ट्रोल–12 | नि0 सडक दोलत राम के घर मस्त राम व अन्य घरो की ओर वार्ड–3 | 36970 | प्रस्ताव, स्वीकृति पत्र, प्राक्कलन,माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 33.एम.पी. लेड | 21,22,26 /02.12. 2023 | 001,002/28. 04.23 मस्ट्रोल–08 | नि0 जीप रोड किशोरी लाल की दुकान से रोशन लाल के घर की ओर वार्ड–5 | 96571 | प्रस्ताव, प्राक्कलन,माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 34.एम.पी. लेड | 28,29/0 2.12.2023 | 006,007/ शून्य | विकास खेल मैदान जी.एम.एस ननाहर वार्ड–3 | 50000 | प्राक्कलन,माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 35.वी.के. वी.एन.वाई | 30,3,65/ 02.12.23 | 3278,/10. 11.22 मस्ट्रोल –08 | अतिरिक्त आदर्श महिला मण्डल भवन बाडी खास ननाहर वार्ड 3 | 28278 | माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 36.सी.डी. पी.ओं | 31,32,70 /02.12. 23 | 3391,3392/ 05.5.23 मस्ट्रोल –07 | मुरम्म्त आंगनवाडी शौचालय बाडी खास वार्ड 3 | 25129 | प्राक्कलन, माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 37.एस.डी. पी | 71/12. 12.23 | मस्ट्रोल–24 | निर्माण पक्का रास्ता लांघा मन्दिर से पनाला मन्दिर की ओर वार्ड 1 | 42920 | प्राक्कलन, माप–पुस्तिका, 34–सी |
| | | | **कुल योग** | **1051147** | |

वांछित अभिलेखो को अंकेक्षण में प्रस्तुत करने बारे सचिव ग्राम पंचायत ननाहर से अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/223 दिनांक:–07.04. 2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या:–ननाहर 01/2025 दिनांक 08.04.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त राशि से संबंधित विभिन्न अभिलेखों को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया है, जिन्हे आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत

कर दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः सचिव द्वारा उपरोक्त अभिलेखों को अंकेक्षण में प्रस्तुत न करना एक गम्भीर अनियमितता है, जिसका औचित्य उक्त वर्णित नियमानुसार तथ्यों सहित स्पष्ट किया जाये व नियमानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही सहित अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षाणार्थ प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**11. संयुक्त हस्ताक्षर के बिना ही ₹10.08/– लाख का अनियमित भुगतान करनाः–**

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 49(1 तथा 2) के प्रावधानों के अनुसार पंचायत द्वारा कोई भी भुगतान तब तक नहीं किया जाएगा जब तक कि सम्बन्धित बिल/वाउचर पर पंचायत प्रधान व सचिव के संयुक्त हस्ताक्षरों से भुगतान आदेश नियमानुसार पारित न किया गया हो।

अंकेक्षण अवधि के चयनित मास 05/2022 व 12/2023 के व्यय वाउचरो के अंकेक्षण व संलग्न **"परिशिष्ट–6"** के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा प्रधान व सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर के बिना ही राशि ₹1007997/– का भुगतान किया गया था, जोकि अनियमित व आपतिजनक है तथा उक्त नियम की स्पष्ट अवहेलना है।

इस अनियमितता को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/227 दिनांकः–08.04.2025 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत ननाहर के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–ननाहर 01/2025 दिनांकः–08.04.2025 द्वारा सूचित किया गया कि संयुक्त हस्ताक्षरों से संबंधित अनियमितता के नियमों की वतर्मान समय से अनुपालना की जा रही है। प्रस्तुत उत्तर उपरोक्त नियमानुसार न होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः नियमो के विरूद्ध किये गये भुगतानों को पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाकर कृत सुधारात्मक कार्यवाही से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

**12 राशि ₹0.58/– लाख के बिल/वाउचर प्रस्तुत न करने बारेः–**

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 79(2) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत किये जाने अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि के चयनित मास 12/2023 के व्यय के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा निम्न तालिका के अनुसार सभा निधि की संयुक्त रोकड़ बही में राशि

₹57700/–का भुगतान किया दर्शाया गया था, जिसके बिल/वाउचरों को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया, जोकि एक गम्भीर वितीय अनियमितता है:–

| क्र0सं0 | अनुदान/ मद | वाउचर सं0/ दिनांक/बिल सं0 | कार्य का नाम/ विवरण | रोकड़ बही पृष्ठ संख्या | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एस.डी.आर. एफ | शून्य/02.12. 23/शून्य | निर्माण सुरक्षा दीवार जगदीश चन्द वालिया सुपुत्र मस्त राम वार्ड--6 | षून्य | 13440 |
| 2. | एस.डी.पी | शून्य/02.12. 23/शून्य | सडक मेन रोड से बिहारी लाल घर | षून्य | 38500 |
| 3. | सी.डी.पी.ओ | शून्य/02.12. 23/शून्य | मुरम्म्त आंगनबाडी शौचालय बाडी खास | षून्य | 5760 |
| | | | | कुल | **57700** |

उक्त बिल/वाउचरों को अंकेक्षण में प्रस्तुत करने बारे पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/219 दिनांकः–05.04.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–ननाहर 01/2025 दिनांकः–08.04.2025 द्वारा अवगत करवाया गया, कि इन्हें आगामी अंकेक्षण मे प्रस्तुत कर दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर उतर नियमानुकूल न होने एवं तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

